**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 8142 / कार्य-25 / 154 दिनांक 12-8-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषयः–** **समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **'अब जंग लग चुके नल में पानी का इंतजार, सिद्धौर की रसूलाबाद–बीबीपुर में अधूरी टंकी, पम्प बन्दः आपरेटर का पता नही'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि–

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत रसूलाबाद–बीबीपुर पेयजल योजना, विकास खण्ड सिद्धौर में पाइप लाइन–90 प्रति0, शिरोपरि जलाशय–60 प्रति0, बाउण्ड्रीवाल–90 प्रति0, पम्प हाउस–90 प्रति0 एवं 450 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। वर्तमान में अधिष्ठापित सोलर पैनेल अन्तर्गत VFD जल जाने के कारण जलापूर्ति बाधित है। शीघ्र ही VFD की मरम्मत कराकर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। साथ ही अवगत कराना है कि योजना पूर्ण किये जाने का लक्ष्य माह मार्च, 2028 निर्धारित है।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4– जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6– जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7– श्री पियूष शुक्ला, सहा0अभि0(एसडब्लूएसएम)।
8– प्रोजेक्ट मैनेजर मै0 मेघा इंजीनियरिंग।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner